(b) It is due to operational failure, delays in transit caused by the transport services like Airlines/Railways etc. and human failure.

(c) The statistical information in respect of postal complaints are compiled on a quarterly basis. During the period from 1-1-91 to 31-12-91 (year 1991), 71287 complaints and from 1-1-92 to 31--3-92, 20954 complaints respectively, of delay and non-delivery of registered mails have been received. These represent 0.023 per cent of the annual traffic of 311 millions of registered mails handled by the Department of Posts.

(d) Department has introduced periodical review of incidence of complaints to identify the reasons and to introduce appropriate corrective measures such as:

(i) revision of transmission system.

(ii) quality control service.

(iii) punitive action against the staff found responsible.

दूरभाष हेतु एकत्र किये गये पंजीकरण प्रभारों का उपयोग किया जाना

4222. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्तियों से टेलीफोन के पंजीकरण की फीस के माध्यम से कितनी राशि एकत्र की गई है ;

(ख) इस संबंध में परिमण्डल-वार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) एकत्र की गई राशि से कितने इलेक्ट्रोनिक एक्सचेंज स्थापित किये जा सकते हैं ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) से (ग) क्षेत्र इकाईयों से जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

अन्तर्राष्ट्रीय तार-व्यवस्था का दोषपूर्ण होना

4223. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अंतर्राष्ट्रीय तार व्यवस्था के दोषपूर्ण होने के कारण अन्तर्राष्ट्रीय तारों की संख्या में पूर्व वर्ष की तुलना में कमी आयी है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार अन्तर्राष्ट्रीय तारों की संख्या में वृद्धि करने के लिए क्या प्रयास कर रही है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख) जी हां । पूर्व वर्षों की तुलना में अन्तर्राष्ट्रीय तारों की संख्या में कमी का कारण अंतर्राष्ट्रीय तार व्यवस्था का दोषपूर्ण होना नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं द्वारा फैक्स सुविधाओं का प्रयोग करना है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर भारत में एस० टी० डी० सुविधायें

4224. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर भारत में ऐसे शहरों/पर्यटक स्थलों के नाम क्या हैं जिन्हें अभी एस०टी०डी० सुविधा से जोड़ा जाना है ;

(ख) उनके मंत्रालय को किन किन स्थानों से एस०टी०डी० सुविधा प्रदान किये जाने की मांग प्राप्त हुई है ; और

(ग) वर्ष 1992–93 के दौरान किन किन शहरों को यह सुविधा उपलब्ध करवा देने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख) विवरण सदन पटल पर रख दिया गया है । **(नीचे देखिए)**